MP में PM मित्र टेक्सटाइल पार्क

चर्चा में क्यों?

पीएम मित्र योजना (PM MITRA) के तहत भारत का पहला एकीकृत टेक्सटाइल पार्क मध्यप्रदेश के **धार ज़िले** में स्थापित किया जाएगा।

मुख्य बिंदु

- **टेक्सटाइल पार्क के बारे में:**
  - पार्क की कुल लागत **2100 करोड़ रुपए** है और इसे **धार ज़िले** के **भैंसोला गाँव** में विकसित किया जाएगा।
  - यह पार्क **Zero Liquid Discharge (ZLD)** तकनीक पर आधारित **20 MLD जल संयंत्र**, सौर ऊर्जा आधारित पॉवर प्लांट, **"प्लग एंड प्ले" फैक्ट्री यूनिट्स**, और **श्रमिकों के लिये आवासीय परिसर** जैसी **अत्याधुनिक सुविधाओं** से युक्त होगा।
  - इसका उद्देश्य एक ऐसा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल सिस्टम बनाना है जिसमें **स्पिनिंग, वीविंग, प्रोसेसिंग, डाईंग, गारमेंटिंग** जैसी सभी गतिविधियाँ एक ही परिसर में हों।
  - सभी निर्माण कार्यों को **14 माह** में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे यह भारत का **सबसे तेज़ी से विकसित होने वाला टेक्सटाइल पार्क** बन सके।
  - इस परियोजना के तहत अब तक **10,000 करोड़ रुपए** के **निवेश प्रस्ताव** मिल चुके हैं।
  - इससे **लाखों युवाओं के लिये रोज़गार** के अवसर सृजित होंगे और राज्य की **अर्थव्यवस्था को मज़बूती** मिलेगी।
  - इससे मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत अभियानों को गति मिलेगी।

पीएम मित्र योजना

- **परिचय**
  - भारतीय कपड़ा उद्योग को मज़बूत करने के लिये कपड़ा मंत्रालय द्वारा वर्ष **2021** में पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल पार्क (MITRA) योजना शुरू की गई थी।
  - पीएम मित्र' पार्क को सार्वजनिक निजी भागीदारी **(PPP)** मोड में एक विशेष प्रयोजन वाहन **(Special Purpose Vehicle-SPV)** के ज़रिये विकसित किया जाएगा, जिसका स्वामित्व केंद्र और राज्य सरकार के पास होगा।
  - प्रत्येक 'मित्र' पार्क में एक **इनक्यूबेशन सेंटर, कॉमन प्रोसेसिंग हाउस और एक कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट** तथा अन्य टेक्सटाइल संबंधी सुविधाएँ जैसे- **डिज़ाइन सेंटर एवं टेस्टिंग सेंटर होंगे।**
    - **इनक्यूबेशन सेंटर** वह संस्था होती है जो उद्यमियों को उनके व्यवसाय को विकसित करने और इससे जुड़ी समस्याओं को हल करने में सहायता करती है, विशेष रूप से प्रारंभिक चरणों में व्यवसाय और तकनीकी सेवाओं की सारणी, प्रारंभिक सीड फंडिंग (Seed Funding), प्रयोगशाला सुविधाएँ, सलाहकार, नेटवर्क और लिंकेज प्रदान करके।
    - यह 'विशेष प्रयोजन वाहन'/मास्टर डेवलपर न केवल औद्योगिक पार्क का विकास करेगा, बल्कि रियायत अवधि के दौरान इसका रखरखाव भी करेगा।
- **वित्तपोषण:**
  - इस योजना के तहत केंद्र सरकार सामान्य बुनियादी अवसंरचना के विकास हेतु प्रत्येक **ग्रीनफील्ड 'मित्र' पार्क** के लिये 500 करोड़ रुपए और **प्रत्येक ब्राउनफील्ड पार्क** के लिये 200 करोड़ रुपए की **विकास पूंजी सहायता** प्रदान करेगी।
    - **ग्रीनफील्ड** का आशय एक पूर्णतः नई परियोजना से है, जिसे शून्य स्तर से शुरू किया जाना है, जबकि **ब्राउनफील्ड** परियोजना वह है जिस पर काम शुरू किया जा चुका है

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-mitra-textile-park-in-mp